# City VIBES

ELECTION SPECIAL WARD 79

News & Advertisements 98154 29998
Subscription 94632 62033
Readers Feedback cityvibesldh@gmail.com

Vol. 19 Issue 29 RNI No. 69862/98 WEEKLY 4 Pages February 11 - 18, 2018 Mobile: 98154 29998 Email: cityvibesldh@gmail.com


A SPACE MARKETING FEATURE




# पिछले 10 वर्षों से आपका अपना गांधीवादी नेता

**प्यारे इलाका वासीयों,**

**ऐनी रोहित सिक्का**, वार्ड 79 से भाजपा प्रत्याशी के रुप में उम्मीदवार हैं। मेरी पत्नी पिछले 10 वर्षों से मेरे द्वारा किए गए हर विकास कार्य में तथा मेरे संघर्ष कार्यों में मेरी प्रेरणा स्तोत्र तथा कदम कदम पर मेरे साथ रहीं है। मैं सभी भाई–बहनों तथा बुजुर्गों से अपील करता हूं कि आने वाले चुनावों में भारत की लोकतांत्रिक शक्ति का प्रतीक वोट का बहुमूल्य अधिकार जो आपके पास है इसका उपयोग अवश्य करें। कारपोरेशन के चुनाव में आप का मताधिकार आपको जिम्मेवारी देता है अगले 5 वर्षों के लिए अपने लिए ऐसा प्रतिनिधि चुनने का जो वार्ड स्तर पर आपकी रोजाना की जरुरतों – जैसे सड़कें, साफ पानी, स्टीट लाइटस, इलाके की स्वच्छता, आपकी सुरक्षा, आपके छोटे–छोटे सरकारी काम, बुढ़ापा पैंशन आदि – को पूरा करवाने के लिए 24 घंटे आपकी सेवा में हाजिर रहे। आपके हक के लिए बिना किसी लालच के लड़ सके और आपके बीच आप जैसा बन कर रहे।

यदि आपको लगता है कि रोहित सिक्का ने पिछले 10 सालों में ऐसा किया है – बिना किसी पद या लालच के – चाहे वो बावा कालोनी में रजिस्टी का मामला हो, हैबोवाल की मुख्य सड़क बनवाने का मुद्धा हो, बैंक कालोनी की गुल बिजली वाला हादसा हो, गरीब परिवारों के नीले कार्ड बनाने की जरुरत हो, गरीब विद्यार्थियों की निशुल्क शिक्षा का प्रयत्न हो, निशुल्क इलाज के लिए सेहत बीमा योजना हो या आपके अन्य सरकारी कार्य हों तो ऐनी रोहित सिक्का को आाशीर्वाद के रुप में अपना वोट दें।

अभी वार्ड 79 में बहुत काम होने बाकि हैं। लुधियाना शीघ्र ही स्मार्ट सिटी बनने वाला है, वार्ड 79 को भी हमने स्मार्ट वार्ड बनाना है। यहां साफ पीने लायक पानी नहीं है, स्टीट लाइटस की स्थिति चिंताजनक है, सीवरेज को लेकर हम लोग रोज परेशान रहते हैं, और भी बहुत सारे मुद्धे हैं।

आज तक आपका यह बच्चा केवल अपने जनून से काम करता रहा है, आपके वोट की ताकत हम लोगों को प्रेरणा देगी तथा कांग्रेस ने पंजाब में सत्ता में आने के बाद से विकास के कार्यों को जो रुकवाया है हम हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुवाई में विकास को आगे बढ़ाएंगे और बहुत तरक्की करेंगे।

**24 फरवरी दिन शनीवार कमल के फूल पर मोहर लगाना न भूलें**

**निवेदक, आपका अपना रोहित सिक्का**

# ਦਮ ਦਾ ਭਈ ਦਮ ਦਾ
# ਸਿੱਕਾ ਬੰਦਾ ਕੰਮ ਦਾ

## वार्ड 79 से भाजपा प्रत्याशी ऐनी रोहित सिक्का को अपना वोट आशीर्वाद के रुप में दें



## हर धर्म व जाति का सम्मान

सिक्का दम्पत्ति सही मायने में भारतीय हैं। धर्म, जाति, प्रान्त, समुदाय सभी के साथ एक समान व्यवहार, उचित आदर के साथ पेश आना इन्हें अपने माता पिता से विरासत में मिला है। इन चित्रों में यह दम्पत्ति बाल्मिकी भगवान, सन्त रविदास जी के स्थान तथा बाला जी के मन्दिर में नतमस्तक है।





# मेरा संघर्ष ही मेरी पहचान

## जरुरत पड़ी तो अपने वार्ड रुपी परिवार के लिए धरने भी दिए, बहस भी की, सड़कों पर भी लेटे, नंगे भी हुए, सिर भी मुंडवाया, जनता के हक के लिए

## - Rohit sikka is a Man with a Mission -







रोहित सिक्का की इलाका वासीओं में पहचान बनी उनकी गांधी वादी कार्यशैली तथा संघर्षशील प्रवृति की वजह से। फिर चाहे वो फरवरी 2016 में बावा कालोनी के वासींओं के साथ कालोनाइजर द्वारा किए धक्के का जवाब देने के लिए उनके द्वारा म्युनिसिपल कमिशनर के दफतर साथियों सहित नंगे जाकर गुलाब देने का मामला हो या कमिशनर के दफतर में सिर मुंडवाने का कारनामा। बैंक कालोनी वालों के लिए सारी रात जागकर तथा बिजली बोर्ड के अधिकारियों को भी जगाकर उनकी गुल बिजली वापस लाने के लिए संघर्ष करने की ललक हो या इलाके में विभिन्न विकास कार्य करवाने के लिए उनकी भागदौड़।









# वरिष्ठ नेतागण का आशीर्वाद





पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया, प्रदेश कोशाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी, जिलाध्यक्ष रविंदर अरोड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजिन्दर भंडारी व अन्य सिक्का दम्पति को आशीर्वाद देते हुए

# जन समुदाय हमारे साथ











रोहित सिक्का का है सपना, स्वच्छ वार्ड बने अपना

ਕੀਤੇ ਕੰਮਾਂ ਦਾ ਮੁੱਲ ਪਾਵਾਂਗੇ, ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਹੋਰ ਕਰ ਕੇ ਦਿਖਾਵਾਂਗੇ







